# 4 घंटे में जानलेवा हमला व लूट का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**खास बातें**

- 110 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर गंजबासौदा देहात पुलिस ने सुलझाया मामला
- 35 हजार रुपये का मशरूका बरामद



नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जुलाई, थाना देहात गंजबासौदा पुलिस ने ग्राम गमाकर में हुए जानलेवा हमला एवं लूट के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

आरोपियों के कब्जे से 35 हजार कीमत का मशरूका भी बरामद किया गया है.पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई को ग्राम गमाकर में जानलेवा हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था. इस संबंध में थाना देहात गंजबासौदा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए. जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे 110 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की बारीकी से जांच की. तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर पूछताछ की गई, जिसमें तीनों आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार कर लिया. आरोपियों की निशानदेही पर 10 हजार नगद, एक सोने की नाक की लौंग तथा सोने के कान के टॉप्स बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 35 हजार बताई गई है. गिरफ्तार आरोपियों में छोटू कुशवाह (26) निवासी ग्राम गमाकर, रानू जैन (22) एवं शैलेन्द्र जैन (27) निवासी धूसरपुरा, गंजबासौदा शामिल हैं. तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई. पुलिस ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा.

# 207 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को दबोचा, एक तस्कर फरार

- पुलिस का पीछा कर रही टीम को चकमा देने की कोशिश नाकाम



नवभारत न्यूज

**नटेरन 2 जुलाई, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में नटेरन पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 207 लीटर शराब और एक कार जब्त की है. जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया.**

थाना नटेरन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रिनॉल्ट क्विड कार में अवैध शराब की पेटियां भरकर विदिशा से गुरोद की ओर ले जाई जा रही हैं. सूचना पर पुलिस ने ताजखजूरी के पास निर्माणाधीन सड़क पर घेराबंदी की. पुलिस को देखकर चालक ने कार तेज गति से भगाकर चकमा देने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने निजी वाहन से पीछा कर सिलवाय-खजूरी एवं नरखेड़ा घाट मार्ग पर कार को रोक लिया.कार में सवार दो व्यक्तियों में से एक दरवाजा खोलकर फरार हो गया, जबकि चालक को पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया. पूछताछ में उसने अपना नाम फरीद पिता शमीम खां (28 वर्ष), निवासी तिरंगा चौराहा, गंजबासौदा बताया. फरार आरोपी की पहचान जित्तू उर्फ जितेंद्र कुशवाह, निवासी बासौदा के रूप में हुई.

**2.07 लाख रुपये की शराब और कार जब्त**

तलाशी के दौरान कार से 23 पेटियों में कुल 207 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 7 हजार रुपये है, बरामद की गई. पुलिस ने शराब के साथ कार को भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है. फरार आरोपी की तलाश जारी है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह मंडेलिया, सहायक उपनिरीक्षक गुरुदत्त शर्मा, प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह तथा आरक्षक धर्मेंद्र अहिरवार और गौरव शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## नीमताल चौराहे पर न्यायाधीश की कार और स्कॉर्पियो में आमने-सामने की टक्कर

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गुरुवार तड़के करीब 4 बजे शहर के गांधी चौक स्थित नीमताल चौराहे पर आगर मालवा के एक न्यायाधीश की कार और भोपाल की ओर जा रही एक काले रंग की स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि न्यायाधीश की कार टकराने के बाद सड़क किनारे स्थित एक मकान की दीवार से जा भिड़ी, जबकि स्कॉर्पियो करीब 50 मीटर दूर ओवरब्रिज के पास जाकर रुकी. टक्कर के दौरान स्कॉर्पियो का एक पहिया भी टूट गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर काफी जोरदार थी। हालांकि दोनों वाहनों के एयरबैग समय पर खुल जाने से बड़ी जनहानि टल गई. हादसे में न्यायाधीश के वाहन में तैनात सुरक्षा गार्ड धर्मेंद्र अहिरवार घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है.कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि घायल सुरक्षा गार्ड धर्मेंद्र अहिरवार की शिकायत पर स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया है.



**एक नजर में**

### डॉक्टर्स डे पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. जैन का सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की श्री शीतलनाथ शाखा द्वारा डॉक्टर्स डे पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. जैन का सम्मान किया गया. उनके क्लिनिक पर आयोजित कार्यक्रम में परिषद की सदस्याओं ने स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर चिकित्सा सेवा, समाजसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की.प्रवक्ता सुप्रिया जैन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री नीलमणि जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं. सदस्याओं ने कहा कि डॉ. जैन की सेवा भावना और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है.अंत में शाखा अध्यक्ष रानू लश्करी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद आगामी दिनों में स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न शिविरों का आयोजन करेगी.

### कलेक्टर के निर्देश पर नटेरन में शुरू हुआ सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

**नटेरन.** कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पंचायत नटेरन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया. हाल ही में ग्रामीणों ने नालियों में गंदगी और सफाई नहीं होने की शिकायत की थी, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे.पंचायत ने गांव की नालियों की सफाई कर कचरा हटाया, जिससे बरसात के पानी की निकासी सुचारु हो गई और ग्रामीणों को राहत मिली. ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि गांव में स्वच्छता बनी रहे और बीमारियों का खतरा कम हो.उन्होंने ग्रामीणों और दुकानदारों से अपील की कि घरों एवं दुकानों का कचरा नालियों में न डालें. पंचायत और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से ही गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है.



## वीबीजी रामजी कार्यक्रम में विधायक ने गिनाईं योजनाओं की उपलब्धियां

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर. ग्राम उनारसी में विकासखंड स्तरीय वीबीजी रामजी कार्यक्रम विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा कन्या पूजन से हुआ. इसके बाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया.**विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि योजना के तहत अब रोजगार की गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है तथा दैनिक मजदूरी 261 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन होगी. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास और प्रधानमंत्री आवास योजना की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों में तेजी से विकास कार्य हुए हैं.कार्यक्रम में एसडीएम अनिल कचनारे, जनपद पंचायत सीईओ उदयप्रताप सिंह, थाना प्रभारी स्मिता सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे. जनपद सीईओ ने योजना के प्रावधानों की जानकारी दी. कार्यक्रम के बाद विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए.

## निर्मला कान्वेंट स्कूल में छात्र संसद गठित

- नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को दिलाई शपथ
- बच्चों को सायबर अपराधों को लेकर किया जागरूक



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, निर्मला कान्वेंट हायर सेकेंड्री स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र संघ के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न होने के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला मौजूद रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया. थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला, विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी तथा प्राचार्य सिस्टर टेन्सी द्वारा पदाधिकारियों को पदक्रम अनुसार बैच प्रदान किये गये. विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई. कार्यक्रम में स्वागत भाषण शिक्षिका प्रतिभा पाटीदार ने प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से छात्र हित में कार्य करने एवं विद्यार्थियों का सहयोग करने की अपील की. उन्होंने विद्यार्थियों को सायबर अपराध की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान सेफ क्लिक 2.0 के संबंध में जानकारी देते हुये सायबर अपराध से बचने के गुर भी बताये. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका असमा सादिक तथा आभार शिक्षक मुर्तुजा अली ने जताया. कार्यक्रम का संयोजन शिक्षिक रफत उल्लाह एवं सोनम आम्रबंशी ने किया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ.

**छात्र संसद में यह चुने गये पदाधिकारी, छात्र संसद में हेड बॉय वंश रघुवंशी, हेड गर्ल**

रिधिमा शर्मा, स्पोर्टस केप्टन अमन खान, स्पोर्टस वाइस केप्टन देवराज सिंह राजपूत, सोशल वर्क हेड सारा खान, सोशल वर्क वाइस हेड युवराज सिंह दांगी, कल्चरल हेड फिल्जा खानम, कल्चरल वाइस हेड मनवी भार्गव, स्टूडेंट सेक्रेटरी दक्षिता जैन, स्टूडेंट ट्रेजर्र आकर्षी जैन चुने गये. इसी प्रकार ब्लू हाउस केप्टन हिमांशी राजपूत तथा वाइस केप्टन केवशी चौरसिया, ग्रीन हाउस केप्टन मुस्कान यादव तथा वाइस केप्टन उत्सव बंसल, रेड हाउस केप्टन अल्फेज खान तथा वाइस केप्टन आस्था राजपूत, यलो हाउस केप्टन तनीश रघुवंशी तथा वाइस केप्टन ओम दांगी बनाये गये.

## स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें-कादरी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक-2026 के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं और ग्रामीण नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था.**

इस अवसर पर प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं चिंतक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से प्रारंभ किए गए %सेफ क्लिक-2026% अभियान का उद्देश्य 24 जून से 8 जुलाई तक प्रदेशभर में साइबर सुरक्षा के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाना है. अभियान के माध्यम से आमजन को साइबर स्वच्छता के बुनियादी नियमों और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी दी जा रही है.जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, अमित श्रीवास्तव एवं अविनाश कटारिया ने बताया कि अभियान के दौरान नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस या जांच अधिकारी बनकर किए जाने वाले कॉल, केवाईसी एवं ओटीपी फ्रॉड, बैंक डिटेल्स और पासवर्ड साझा करने के जोखिमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है. साथ ही निवेश और लॉटरी के नाम पर होने वाली ठगी, मैलवेयर तथा संदिग्ध लिंक से बचने के लिए भी आवश्यक सावधानियां बताई जा रही हैं.पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह लोधी एवं मोनिका विजोले ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो जाता है तो तत्काल कार्रवाई करना बेहद जरूरी है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि ऐसी स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और आईसी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर संबंधित संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दें.

## नागरिक सहकारी बैंक में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

- डिजिटल सहकार, पारदर्शी सहकार विषय पर हुआ आयोजन
- डिजिटल बैंकिंग, पारदर्शिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर दिया गया जोर, वृक्षारोपण भी किया गया

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. स्थानीय बासौदा नागरिक सहकारी बैंक में सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत डिजिटल सहकार, पारदर्शी सहकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं बैंक अधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से सहकारिता संस्थाओं में पारदर्शिता बढ़ रही है तथा समय और संसाधनों की बचत हो रही है. उन्होंने डिजिटल सेवाओं के विस्तार, सदस्यता प्रक्रिया को सरल बनाने और वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया.इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सहकारी गीत का वाचन किया.

कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया.कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ के प्रबंधक ओ.पी. श्रीवास्तव ने सहकारिता आंदोलन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला.अंत में बासौदा नागरिक सहकारी बैंक के प्रभारी लेखापाल शिरीष जालोरी ने उपस्थित अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

## सेंट एसआरएस पब्लिक स्कूल में सड़क एवं साइबर सुरक्षा जागरुकता पखवाड़ा संपन्न

- ऑनलाइन गेमिंग व फर्जी लिंक से बचने की दी सलाह



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सड़क एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) श्रीमती शिखा भलावी एवं यातायात निरीक्षक एन.एस. लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्रीमती भलावी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों का पालन करना है. उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन में चालक सहित सभी यात्रियों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की. उन्होंने बताया कि सीट बेल्ट नहीं लगाने की स्थिति में दुर्घटना के समय एयरबैग भी प्रभावी ढंग से कार्य नहीं करते, जिससे गंभीर हादसे की आशंका बढ़ जाती है.साइबर सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को मोबाइल का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक, शादी के कार्ड या संदिग्ध संदेश में भेजे गए लिंक पर बिना पुष्टि किए क्लिक न करें, क्योंकि इससे मोबाइल हैक हो सकता है और बैंक खाते में जमा राशि साइबर ठगों द्वारा निकाली जा सकती है. उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन गेमिंग की लत और उससे जुड़े साइबर अपराधों से भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम में संस्था संचालक श्रीमती सुधा यादव ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया. राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक एवं बालिका इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया.कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, श्रीमती रजनी गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के.पी. सिंह चौहान, प्रियंका अग्रवाल, हर्षाली साहू, संगीताचार्य शंभू गिरी गोस्वामी, सत्यम बबेले सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभय तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने किया.

**मौन सूचना**

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

**कार्यशाला** | **सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम**

# साइबर ठगी से बचने छात्रों को एसडीओपी ने किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**पठारी. नगर के शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन या अन्य गोपनीय जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें.**



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध सबसे तेजी से बढ़ने वाले अपराधों में शामिल हैं. ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड फ्रॉड और साइबर बुलिंग जैसी घटनाओं से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना जरूरी है.

एसडीओपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान का उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने, साइबर अपराधों की पहचान करने तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना है. अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, बैंक शाखाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.इस अवसर पर थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो वह बिना देरी किए 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराए. उन्होंने बताया कि समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि को वापस दिलाने की संभावना बढ़ जाती है.उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, पंपलेट, पोस्टर, बैनर, स्टैंडी, एलईडी डिस्प्ले तथा जागरूकता रथ के माध्यम से भी लोगों तक साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाए जा रहे हैं.कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. गौरी गोस्वामी सहित समस्त शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा.

## एडीपी योजना शिविर में 50 दिव्यांगजनों का पंजीयन, सहायक उपकरणों के लिए हुआ चिन्हांकन

- एलिम्को की विशेषज्ञ टीम ने किया परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, एडीपी योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बासौदा के सभागार में खंड स्तरीय चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया. शिविर में एलिम्को उज्जैन से आई विशेषज्ञ टीम ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया.**

शिविर में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 50 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया. पात्र हितग्राहियों का श्रवण यंत्र (कान की मशीन), ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, छड़ी, वॉकर, रोलेटर, कैलीपर्स सहित विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन किया गया. इन उपकरणों का वितरण आगामी शिविर में किया जाएगा.इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेन्द्रसिंह रघुवंशी, जनपद सीईओ श्रीमती तपस्या जैन, नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, जनपद के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल पंथी, नगर पालिका की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका भार्गव, सपना राजपूत, सुनीता जैन, सुशील रिछारिया सहित जनपद पंचायत का स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.